nt>
Title: Demand to shift the Airport for the protection of historical temples of Khajuraho in Madhya Pradesh.

डा. रामकृष्ण कुसमरिया : सभापति महोदय, मध्य प्रदेश में खजुराहो विश्व का अनोखा और अद्वितीय पुरातत्वीय सम्पदा का महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है। लाखो दर्शनार्थी वाँ आया करते है । वहाँ जो हवाई जहाज उतरते है, उनकी भीषण धमक और आने जाने के कारण वहाँ के मंदिरो, जिनके कारण खजुराहो की महत्ता है, उन मंदिरो में क्रैक्स आने या तोड फोड होने की आशंका है । यह वहाँ के विशेषज्ञो और बुद्धिजीवियो ने बताया है । इसलिए मेरी आपसे प्रार्थना है कि खजुराहो से ६० किलोमीटर दूर एक सकरिया एरोड़म है, पहले वहाँ वायुयान उतरा करते ते, वहाँ हवाई पट्टी बनी हुई है, यदि वहाँ हवाई जहाज उतारे जाए तो खजुराहो के पुरातात्विक महत्व के मंदिरो की सुरक्षा हो सकती है और ऐतिहासिक स्थल को हम आभूषण बना सकते है। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि वहां एक एरोड़म बनाया जाए ।

MR. CHAIRMAN : Please take not of this.